# कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून

पंत्रांक 152/विकास कार्य/को0सू0/2026–27 दिनांक 22/7/2026

## अल्पकालीन कोटेशन सूचना

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा परेड ग्राउण्ड के समीप उत्तरॉचल प्रेस क्लब की भूमि पर लगभग 635.00 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में पूंव निर्मित स्ट्रक्चर /भवनों को जहां है जैसे के आधार पर, को तोडने एवं इसका मलवा इत्यादि को उठाने हेतु इस प्रकार के कार्य करने वाली दक्ष एवं अनुभवी फर्मो/व्यक्तियों से दिनांक 01/08/26 को उपरान्ह 2.00 बजे तक सील बंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त कोटेशनों को निविदा समिति/अधिकृत प्राधिकारी द्वारा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपरान्त उपस्थित कोटेशनदाताओं/प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति द्वारा अपनी सील बंद कोटेशन/स्पष्ट वित्तीय प्रस्ताव के साथ धनांक 100,000.00 की एफ0डी0आर0, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की सत्यापित प्रति सहित उक्त तिथि व समय तक निविदा बॉक्स में डालना होगा। एफ0डी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में बन्धक होगी। किसी भी कोटेशन को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार प्राधिकरण को सुरक्षित रहेगा। सफल फर्म अथवा उच्च निविदादाता को कार्यादेश जारी करने की तिथि से तीन दिन के अन्दर एक मुश्त राशि प्राधिकरण में अग्रिम रूप से जमा करने के उपरान्त कार्यादेश जारी करने की तिथि से 01 माह के अन्दर विधिवत सम्पूर्ण भवन/स्ट्रक्चर ध्वस्त कर सम्पूर्ण मलवा उठाना होगा। निर्धारित समय के अन्दर कार्य पूर्ण न करने की दशा में रू0 25,000.00 प्रतिदिन अर्थदण्ड जमा करना होगा। अन्य किसी प्रकार की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता, मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून।